विभिन्न स्केलों में अधिकारियों की भर्ती – 2021

शुद्धिपत्र

जेएमजीएस-I में श्रेणीवार ब्यौरा और पीडल्ब्यूबीडी दिव्यांगता के प्रकार में परिवर्तन

कनिष्ठ प्रबंधन ग्रेड स्केल- I (सहायक प्रबंधक), मध्य प्रबंधन ग्रेड स्केल- II (उप प्रबंधक) और वरिष्ठ प्रबंधन ग्रेड स्केल- IV (क्षेत्रीय प्रबंधक - जोखिम प्रबंधन) में अधिकारियों की भर्ती हेतु बैंक की वेबसाइट एवं दिनांक 11.12.2021 के रोजगार समाचार में प्रकाशित विज्ञापन सं.- रा.आ.बैंक/मा.सं. एवं प्रशासन/भर्ती/2021-22/01 तथा इसके पश्चात् प्रकाशित दिनांक 29.12.2021 एवं 03.01.2022 के शुद्धिपत्र जिसमें रिक्तियों की संख्या में वृद्धि की गई और आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि क्रमशः 07.01.2022 और फिर 15.01.2022 तक बढ़ा दी गई के संदर्भ में ध्यान आकृष्ट किया जाता है।

इस संबंध में, यह सूचित किया जाता है कि सहायक प्रबंधक (स्केल- I) के पद के लिए श्रेणीवार ब्यौरे को संशोधित किया गया है। विवरण निम्नानुसार प्रदान किया गया है:

क.	नई भर्ती					
पद	रिक्तियों की संख्या					
	अ.जा.	अ.ज.जा.	अ.पि.व.-नॉ.क्रि.ले.^	ईडब्ल्यूएस	सामान्य	कुल
सहायक प्रबंधक (स्केल I)	02	01	05	02	06	16

^ नॉन क्रीमी लेयर

इसके अलावा, स्केल - I की 16 रिक्तियों में से 01 रिक्ति जो कि गतिविषयक दिव्यांगता के लिए आरक्षित थी, अब दृष्टिबाधित के लिए निर्धारित की गई है। अत:, संशोधित विवरण निम्न प्रकार से है -

पीडल्ब्यूबीडी के लिए आरक्षित रिक्ति				
दृ.दि.	श्र.दि.	ग.दि.	बौ.दि./ ब.दि.	कुल
01	-	-	-	01

दृ.दि.: दृष्टिबाधित दिव्यांगता (नेत्रहीनता एवं अल्प दृष्टि); श्र.दि: श्रवण बाधित दिव्यांगता (बधिर या कम सुनने वाला); ग.दि.: गतिविषयक दिव्यांगता (प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात से पीड़ित, ठीक किया हुआ कुष्ठ, बौनापन, एसिड हमले से पीड़ित तथा मांसपेशीय दुर्विकास); बौ.दि.: बौद्धिक दिव्यांगता (ऑटिज्म, बौद्धिक दिव्यांगता, विशिष्ट शिक्षण दिव्यांगता और मानसिक रूग्णता); ब.दि.: बहु-दिव्यांगता (बधिर-दृष्टिहीनता सहित दृष्टिबाधित (दृ.दि.), श्रवण बाधित (श्र.दि.) और गतिविषयक (ग.दि.) के अंतर्गत आने वाले व्यक्तियों के साथ-साथ)।

यह सूचित किया जा सकता है कि जिन अभ्यर्थियों ने विज्ञापित दिव्यांगता प्रकार अर्थात गतिविषयक दिव्यांगता के अंतर्गत पीडब्ल्यूबीडी हेतु आरक्षित रिक्ति में आवेदन किया है, उन अभ्यर्थियों पर उनकी पात्रता के अधीन सामान्य पद के लिये भी विचार किया जा सकता है। हालांकि, यदि गतिविषयक दिव्यांगता से संबंधित कोई भी अभ्यर्थी सामान्य श्रेणी के पद के लिए आवेदन करने के लिए तैयार नहीं है, तो आईबीपीएस द्वारा आयोजित की जाने वाली ऑनलाइन लिखित परीक्षा के लिए उपस्थित होने से पूर्व लिखित अनुरोध प्राप्त होने पर भुगतान किया गया सूचना शुल्क बैंक द्वारा वापस कर दिया जायेगा। ऐसे मामलों में, बैंक विवरण के साथ लिखित अनुरोध recruitment@nhb.org.in पर भेजा जाये।

आवेदन की अंतिम तिथि 17 जनवरी, 2022 तक बढ़ा दी गई है।

नई दिल्ली
07.01.2022

उप महाप्रबंधक
मानव संसाधन एवं प्रबंधन विभाग